## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर आयेंगी रांची, मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश।
2. जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं आज से, सभी आवश्यक तैयारियां पूरी, करीब आठ लाख विद्यार्थी होंगे शामिल।
3. रांची मिलिट्री स्टेशन में पूर्वी कमान आज करेगा शौर्य संध्या का आयोजन, कल अलंकरण समारोह में, 42 वीर सैनिकों को किया जायेगा सम्मानित।
4. मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में अगले दो दिनों तक तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की जतायी संभावना, सुबह धुंध का भी रहेगा असर।

5- 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश, तैराकी में झारखंड को एक और पदक।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को रांची आ रही हैं। वह बीआईटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में 15 फरवरी को शामिल होंगी। राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में तैयारियों की समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रोटोकॉल के अनुसार पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रखने का निर्देश दिया।

******************

राज्य में उद्यमियों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने के लिए सरकार की ओर से पहल तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उद्योग निदेशालय की उच्च स्तरीय कमिटी के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव ने सिंगल विंडों सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया।

******************

झारखंड अधिविध परिषद– जैक की ओर से ली जाने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज से शुरू हो जाएंगी। ये परीक्षाएं तीन मार्च तक चलेंगी। इन परीक्षाओं को लेकर जैक और जिला प्रशासन ने सारी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह पौने दस बजे से दोपहर एक बजे तक जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी। राज्य भर में दोनों परीक्षाओं के लिए कुल 2100 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें मैट्रिक के लिए एक हजार तीन सौ पांच और इंटर के लिए सात सौ पंचानबे परीक्षा केंद्र शामिल हैं। राज्य के सभी जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन की ओर से निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

******************

राज्य के अन्य जिलों में भी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि जामताड़ा जिले में कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा के संचालन के लिए कई एहतियाती कदम उठाये गये हैं। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता

******************

रांची मिलिट्री स्टेशन में कल पूर्वी कमान अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान देश के वीर सैनिकों, विशिष्ट सैनिकों और उत्कृष्ट सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। लेफ्टिनेंट जनरल राम चन्द्र तिवारी पदक पाने वाले सैनिकों को सम्मानित करेंगे। अवार्ड सेरेमनी के दौरान कुल 42 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा। इससे पहले आज शौर्य संध्या का आयोजन किया जायेगा। वीरता के लिए सेना पदक पाने वाले मेजर मानिक सिंह ने कहा कि एक सैनिक के लिए कर्तव्य, ईमानदारी, साहस और बलिदान प्राथमिकता होती है।

******************

खूंटी जिले के अड़की प्रखंड स्थित खेसारीबेरा गांव के सूरज मुंडा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने का गौरव मिला। सूरज कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सालगाडीह, तमाड़ का छात्र है। राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सूरज की इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नीति और अनुसूचित वर्गों के उत्थान के लिए की जा रही कोशिशों का परिणाम है कि राज्य के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है।

******************

विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद आजसू पार्टी नये सिरे से संगठन को मजबूत करने में जुटा है। इस सिलसिले में पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जमशेदपुर में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री महतो ने कहा कि आजसू पार्टी ने संगठन को विस्तार देने और सबसे निचले स्तर की ईकाई को मजबूत करने का कार्य प्रारंभ किया है।

******************

प्रयागराज महाकुंभ में कल माघी पूर्णिमा स्नान से पहले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए विशेष व्यवस्था करने के लिए भारतीय रेलवे युद्धस्तर पर काम कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इससे पहले प्रयागराज रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने महाकुंभ के लिए शहर के आठ रेलवे स्टेशनों पर विस्तृत व्यवस्था की है।

******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य भर में आज से तामपान में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अब धीरे–धीरे गर्मी बढ़ेगी। हालांकि सुबह और शाम में अभी ठंड का एहसास होगा।

******************

उतराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम ने अपने चौथे मैच में हॉकी मिजोरम को तीन गोल के मुकाबले चार गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में झारखंड की अलबेला रानी टोप्पो, सजना होरो, रोशनी आइन्द और डिप्टी टोप्पो ने एक एक गोल किया। इसके अलावा मॉडर्न पेंटाथलॉन में झारखंड की टीम ने तैराकी में कांस्य पदक हासिल किया। इस टीम में मोनिका कुमारी, चांदनी कुमारी और प्रिया उरांव शामिल हैं।

******************

<u>और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है**–पीएम नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को दिये परीक्षा का डर दूर करने और दबाव कम करने के मंत्र।

**प्रभात खबर ने** महाकुंभ को लेकर हजारीबाग के बरही में जाम की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान की सुर्खी है**–झारखंड में अब पीएससी में भी डायलिसिस सेंटर।

**दैनिक जागरण के शब्द हैं**–हाई पावर कमिटी ने 15 उद्योगों के साथ एमओयू पर दी सहमति।

******समाप्त******